हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 25 मार्च 2026



04 खुले बाजार में गेहूं के दाम कम समर्थन को मिला...



07 मां बिजासन दरबार में कन्या भोज के जरिए...



### नरवाई जलाने पर सख्ती: पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रशासन का कड़ा रुख

# प्रशासन अलर्ट: पेयजल संकट से निपटने के लिए व्यापक इंतज़ाम करने के निर्देश

आगामी ग्रीष्मकाल और नरवाई की आग से उत्पन्न होने वाली संभावित चुनौतियों को देखते हुए प्रशासन ने पूरी ताकत के साथ तैयारियां शुरू कर दी हैं। मंगलवार को कमिश्नर ने एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर संभाग के तीनों जिले के कलेक्टर को दिशा-निर्देश जारी किए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



आगामी ग्रीष्मकाल को देखते हुए प्रशासन ने पूरी ताकत के साथ तैयारी शुरू कर दी है। संभागीय आयुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने एक महत्वपूर्ण वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से नर्मदापुरम, हरदा और बैतूल जिलों के कलेक्टरों एवं जिला पंचायत सीईओ को स्पष्ट निर्देश दिए कि गर्मी के दौरान आमजन को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े, इसके लिए हर स्तर पर संवेदनशीलता और तत्परता दिखाई जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल आपूर्ति सुचारू बनी रहे, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं। बस स्टैंड, प्रमुख चौराहों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर राहगीरों के लिए प्याऊ स्थापित किए जाएं, ताकि भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिल सके। साथ ही, खराब पड़े हैंडपंपों की त्वरित मरम्मत और जहां आवश्यकता हो वहां राइजर पाइप बढ़ाकर जल उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कमिश्नर ने साफ कहा कि किसी भी क्षेत्र में जल संकट के कारण कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए।

#### नरवाई जलाने पर होगी कार्रवाई

बैठक में गेहूं कटाई के बाद होने वाली नरवाई जलाने की घटनाओं पर भी गहरी चिंता व्यक्त की गई। कृष्ण गोपाल तिवारी ने कहा कि नरवाई जलाने से न केवल पर्यावरण प्रदूषित होता है, बल्कि भूमि की उर्वरता भी प्रभावित होती है और फसलों के लिए लाभकारी कीट-पतंग नष्ट हो जाते हैं, जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को नरवाई न जलाने के लिए जागरूक किया जाए और इसके उचित प्रबंधन के उपाय सुनिश्चित किए जाएं। साथ ही, यदि कहीं भी नरवाई जलाने की घटना सामने आती है, तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए। कमिश्नर ने यह भी स्पष्ट किया कि आगामी 15 से 20 दिन अत्यंत संवेदनशील रहेंगे,

#### शासन की छवि का ध्यान रखते हुए व्यवहार बनाएं

गर्मी के दौरान नरवाई जलाने की घटनाएं बढ़ जाती है। तीन दिनों पहले ही कांद्राखेड़ी में फसल आगजनी की घटना हुई थी। ऐसे में जब नरवाई जलाने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। कमिश्नर ने कहा कि इस दौरान सभी अधिकारी फील्ड में सक्रिय रहकर निगरानी करें और ऐसी घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाएं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि कार्रवाई करते समय शासन की छवि को ध्यान में रखते हुए संतुलित और जिम्मेदार व्यवहार अपनाया जाए। इस प्रकार, प्रशासन ने एक ओर जहां जल संकट से निपटने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की है, वहीं दूसरी ओर पर्यावरण संरक्षण के लिए सख्त कदम उठाने का स्पष्ट संदेश दिया है।

# बाघ की दहाड़ से दहशत में महुआ संग्रहण बंद, आजीविका पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



विकासखंड केसला के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वनांचल क्षेत्रों में पिछले 15 दिनों से टाइगर की सक्रियता ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। टाइगर के लगातार मूवमेंट के कारण समूचे ग्रामीण अंचल में भारी दहशत का माहौल है, जिससे जनजीवन पूरी तरह पटरी से उतर गया है।

#### आजीविका पर संकट:महुआ संग्रहण बंद

इस सीजन में क्षेत्र के गरीब और आदिवासी परिवारों की आजीविका का मुख्य आधार महुआ है। ग्रामीण महुआ बीनकर साल भर के राशन-पानी की व्यवस्था करते हैं, लेकिन टाइगर के खौफ के कारण लोगों ने जंगल जाना बंद कर दिया है। इससे ग्रामीणों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

#### अंधेरे में जिंदगी, मौत का साया

ग्रामीणों ने व्यथा सुनाई कि बिजली की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण वे भीषण गर्मी में घरों के बाहर सोने को मजबूर हैं। टॉर्च और पर्याप्त रोशनी के अभाव में वन्यजीव के हमले का खतरा हर पल बना रहता है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग केवल मॉनिटरिंग कर रहा है, जबकि उसे रेस्क्यू कर सुरक्षित घने जंगल में छोडऩे के ठोस प्रयास होने चाहिए।

#### ग्रामीणों की प्रमुख मांगें

टाइगर को तत्काल रेस्क्यू कर आबादी क्षेत्र से दूर घने वन क्षेत्र में विस्थापित किया जाए। प्रभावित अंचलों में बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि रात में सुरक्षा रहे। वन विभाग की गश्त बढ़ाकर ग्रामीणों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया जाए। प्रशासन और वन विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर ग्रामीणों में रोष बढ़ रहा है। यदि समय रहते स्थिति को नियंत्रित नहीं किया गया, तो किसी बड़ी जनहानि की आशंका बनी हुई है

# बंदूक से हवाई फायर के मामले में नया मोड़ आरोपी ने कहा- झूठी की है मेरी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



फरवरी 2026 में विवाह दौरान 12 बोर की बंदूक से हवाई फायर करने के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। मामले में आरोपी बनाए गए व्यक्ति ने सोमवार को सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भलावी को आवेदन सौंपा है। जिसमें उल्लेख है कि गलत शिकायत की गई थी।

एसडीएम को सौंपे गए आवेदन में आवेदक अभय पुरी गोस्वामी हैं, जिन्हें हवाई फायर मामले में आरोपी बनाया गया है। आवेदन में उल्लेख है कि शिवम शर्मा निवासी ग्राम जमुनिया ने 17 मार्च 2026 को अभयपुरी गोस्वामी आत्मज कमलेश पुरी गोस्वामी निवासी सेमरी हरचंद के खिलाफ पुरानी रंजिश व विवाद के चलते झूठा मुकदमा दायर करने के लिये पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया था। गोस्वामी के आवेदन अनुसार शिवम शर्मा आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जिसके खिलाफ नसरुल्लागंज तथा सोहागपुर थानों में अपराध पंजीबद्ध हैं। शिवम शर्मा ने झूठा आवेदन पेश किया कि 21 फरवरी 2026 को अक्षय गोस्वामी की शादी कृष्णा मैरिज गार्डन में हो रही थी। जिसमें प्रियांशु गोस्वामी एवं अभय गोस्वामी द्वारा 12 बोर की एक बंदूक हवा में लहराने व फायर करने से दशहत का माहौल बन गया। आवेदन अनुसार वह स्थान शहर से बाहर है एवं स्थल के पास न कोई स्कूल है, ना बस स्टेण्ड। आवेदक ने उल्लेख किया है कि बंदूक लाइसेंसी है और उससे किसी भी प्रकार की क्षति नही पहुंची है। आवेदक के अनुसार शिवम शर्मा का अवैध हथियारों का कारोबार है एवं वह कारावास भी जा चुका है। पुरानी रंजिश एवं आपसी विवाद को लेकर शिवम शर्मा जान से मारने की धमकी एवं झूठे प्रकरण में फंसाने की कोशिश कर रहा है। आवेदन द्वारा एसडीएम से मांग की गई है कि शिवम शर्मा पर कानूनी कार्यवाही कर मामले की उच्चाधिकारियों से जांच कराई जाए। ज्ञापन देने के दौरान आवेदक अभय पुरी गोस्वामी, अधिवक्ता शिवकुमार पटेल, प्रियांशु गोस्वामी, भरत तिवारी, सतपाल राजपूत, अर्जुन कुशवाहा, भारत तिवारी, मोहित सराठे, अक्षय सिंह राजपूत, आदित्य शर्मा, सानंद रघुवंशी, मोनू हलदार, राजेंद्र पटेल, भास्कर रघुवंशी, अर्जुन कुशवाहा आदि उपस्तिथ थे।

## आईजी ने निरीक्षण कर जिम का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम आईजी मिथलेश शुक्ल ने मंगलवार को पुलिस लाइन का निरीक्षण कर परेड, वाहनों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने हाईटेक जिम का उद्घाटन किया, जो पुलिसकर्मियों के साथ आम लोगों के लिए भी उपलब्ध रहेगा। पुलिस दरबार में आवास की कमी और ट्रांसफर के बाद क्वार्टर खाली न होने की समस्या सामने आई। इस पर एसपी साईं कृष्णा थोटा को जांच के निर्देश दिए गए। आईजी ने साफ-सफाई और व्यवस्थाओं की सराहना की।

#### आईजी ने पुलिस दरबार भी लगाया

आईजी ने इस दौरान पुलिस दरबार भी लगाया। जिसमें सभी एसडीओपी, डीएसपी, थाना प्रभारी, एसआई और कुछ एएसआई, प्रधान आरक्षक और आरक्षक शामिल हुए। आईजी शुक्ल ने पुलिसकर्मियों ने ड्यूटी के दौरान की समस्याओं और परेशानियों को पूछा और उन्हें उचित निराकरण का आश्वासन दिया। आईजी ने एमटी शाखा का निरीक्षण भी किया। आईजी के निरीक्षण के दौरान डीआईजी प्रशांत खरे, एसपी साईं कृष्णा थोटा, एएसपी अभिषेक राजन, डीएसपी संतोष मिश्रा, आरआई स्नेहा चंदेल, एसडीओपी जितेंद्र पाठक, संजू चौहान समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## नाबालिग का अपहरण करने वाले 5 आरोपी पुलिस ने किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका के अपहरण के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र चार घंटों में बालिका को सकुशल बरामद कर सफलता हासिल की है। परिजनों की शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। जिसके बाद राज्य हेल्पलाइन 112 के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर सक्रियता बढ़ा दी। पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन एवं सोहागपुर एसडीओपी संजू चौहान के मार्गदर्शन में संयुक्त टीम गठित कर कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस द्वारा सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे जारी प्रेसनोट के अनुसार मामले की जांच दौरान पता चला कि आरोपी बालिका को पुलिस थाना सोहागपुर क्षेत्र से लाल रंग की शिफ्ट कार एमपी 04 जेडआर 8590 में बैठाकर बाड़ी की ओर ले जा रहे थे। जिसके बाद पुलिस ने तुरंत घेराबंदी करते हुए अन्य थाना क्षेत्रों को भी अलर्ट किया। लगातार बढ़ते दबाव के चलते आरोपी रास्ते में ही बालिका को छोड़कर फरार हो गए। जबकि उनके अन्य साथी सफेद रंग की क्रेटा कार एमपी 04 ईबी 5219 से लौटने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को हिरासत में ले लिया। इस पूरे ऑपरेशन में दो जिलों की पुलिस और चार थानों की टीमों ने मिलकर संयुक्त कार्रवाई की। परिणामस्वरूप पुलिस ने बालिका को सुरक्षित बरामद किया। इसके अलावा आरोपियों हमजा खान पिता मो. नजीर खान निवासी मस्जिद के पास बाड़ी जिला रायसेन, रिजवान खान पिता रफीक खान निवासी वार्ड नं. 5 सोहागपुर, सलमान खान उर्फ फैजल खान पिता जफ्फार खान निवासी पिंजारा मोहल्ला माखननगर, जाहिद खान पिता सलीम खान निवासी बजीरगंज कॉलोनी बाड़ी जिला रायसेन तथा संजीव मीना पिता शेर सिंह मीना निवासी जमुनिया थाना माखननगर को गिरफ्तार कर दोनों कारों को जब्त कर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपियों से लगातार पूछताछ की जा रही है, ताकि घटना के अन्य पहलुओं का भी खुलासा हो सके। इस कार्रवाई में निरीक्षक उषा मरावी, उप निरीक्षक मेघा उदैनिया, प्रधान आरक्षक नरेंद्र पटेल एवं आरक्षक दिनेश धुर्वे व अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका सराहनीय रही।

### 31 तक संपत्तिकर जमा करने का अंतिम मौका, देरी पर 1 अप्रैल से दोगुना होगा टैक्स

**नर्मदापुरम।** नगर के करदाताओं के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना सामने आई है। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 का संपत्तिकर यदि 31 मार्च 2026 तक जमा नहीं किया गया, तो 1 अप्रैल से इस पर दोगुना शुल्क देना पड़ सकता है। गौरतलब है कि यह नियम वर्ष 2023 में ही लागू कर दिया गया था, लेकिन इसकी जानकारी आम नागरिकों तक व्यापक रूप से नहीं पहुंच पाई। अब जब वित्तीय वर्ष समाप्त होने में कुछ ही दिन शेष हैं, तब नगर पालिका द्वारा घर-घर जाकर करदाताओं को जागरूक करने और विशेष अभियान चलाने की बात कही जा रही है। इसके बावजूद शहर के अधिकांश करदाता अभी भी इस नियम से अनजान हैं। ऐसे में नगर पालिका ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे समय सीमा के भीतर अपना संपत्तिकर जमा कर अनावश्यक जुर्माने से बचें। इस संबंध में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव का कहना है कि यह शासन का नियम है। हालांकि नगर पालिका और ऑनलाइन इस समय टैक्स ज्यादा जमा हो रहा है।

### रेडियम कटर से भाभी की हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

**नर्मदापुरम।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने एक सनसनीखेज हत्या मामले में आरोपी राकेश यादव को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर 10 हजार का जुर्माना भी लगाया है। जिला अभियोजन निदेशालय नर्मदापुरम के उप निदेशक गोविंद शाह ने बताया कि आरोपी राकेश यादव ने अपनी भाभी शिवानी यादव की गला काटकर हत्या कर दी थी। अदालत ने आरोपी को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और आर्थिक दंड की सजा सुनाई। जिला अभियोजन कार्यालय के अनुसार, आरोपी मृतका के पति अरविंद यादव का रिश्तेदार था और दोनों एक साथ काम करते थे तथा एक ही मकान में रहते थे। घटना वाली रात आरोपी और मृतका के पति अलग-अलग शिफ्ट में ड्यूटी पर थे। जब पति घर लौटा तो उसने पत्नी को गंभीर रूप से घायल अवस्था में पाया। घायल अवस्था में शिवानी यादव को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामला कोतवाली नर्मदापुरम में दर्ज किया गया था। विस्तृत जांच के बाद पुलिस ने आरोप पत्र अदालत में पेश किया। मामले की जांच सब-इंस्पेक्टर विशाल नागवे ने की, जबकि अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी सहायक निदेशक राजकुमार नेमा ने की।

### संभाग स्तरीय अंडर 18 की टीम घोषित

**नर्मदापुरम।** 26 मार्च से इंदौर में शुरू होने वाली स्पर्धा अंडर-18 आयु वर्ग में प्रत्येक मैच निर्धारित 50-50 ओवर के खेले जाएंगे।जिसके लिए नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ द्वारा टीम की घोषणा कर दी है नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ के मानसेवी सचिव प्रदीप तोमर ने बताया कि जूनियर सिलेक्शन कमेटी चेयरमैन निर्वेश फौजदार ने अन्य सदस्यों के साथ मिलकर चयन प्रक्रिया पूर्ण कर टीम घोषित की है।जिसमें जिलास्तरीय टूर्नामेंट एवं खिलाड़ियों द्वारा पूर्व में किए गए प्रदर्शन को चयन का आधार निर्धारित कर बेहतर से बेहतर टीम बनाने का प्रयास किया है।

# खाद्य विभाग ने मॉल में एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री मिलने के मामले में की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर स्थित सी-4 सिटी मॉल में एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री मिलने का मामला कुछ दिनों से चर्चित है। मीडिया में खबर प्रकाशन के बाद मंगलवार को खाद्य विभाग संभागीय उड़नदस्ता दल ने मॉल की जांचकर खाद्य पदार्थ के सैंपल्स लिये हैं। हरिभूमि प्रतिनिधि ने जांचकर्ता खाद्य विभाग अधिकारियों पंकज श्रीवास्तव, अरुणेश पटेल तथा अखिलेश गंगवाल से चर्चा की। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों सोहागपुर स्थित सी-4 सिटी मॉल के मेरा बाजार में एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री मिलने की खबरें प्रकाशित की गई थीं। जिसके बाद स्वतः संज्ञान लेते हुए खाद्य विभाग के तीन सदस्यीय संभागीय उड़नदस्ता दल ने मंगलवार दोपहर सी-4 सिटी मॉल के मेरा बाजार की जांच की। दल सदस्य खाद्य सुरक्षा स्तर के अधिकारी हैं। जिन्होंने मॉल के सभी काउंटर्स पर खाद्य सामग्रियों की एक्सपायरी डेट की जांच की। हरिभूमि को खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि जांच दौरान कुछ भी संदेहास्पद नहीं मिला है। मीडिया ने सवाल किया कि जांच दौरान कोई दबाव तो नहीं आया, तो अधिकारियों ने इंकार किया।

#### लिए दो सैंपल

उड़नदस्ता दल दल के अधिकारियों ने चर्चा में मीडिया को बताया कि पूरी जांच के बाद खड़ी हल्दी तथा नमकीन के सैंपल लिये गए हैं। अधिकारियों के अनुसार खाद्य पदार्थों के लिये गए सैंपल्स राज्य स्तरीय प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे जाएंगे। तथा यदि जांच दौरान सैंपल्स में कोई त्रुटि पाई जाती है तो निश्चित रूप से वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

#### लगा था आरोप

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों किसी ग्राहक ने माल से सामग्री क्रय की। इसके बाद एक वीडियो सोशल मीडिया पर सर्कुलेट किया गया, जिसमें बताया गया था कि मॉल में एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री बेची जाती है। मामले में विपक्ष ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से आरोप लगाया गया था कि मॉल संचालक सत्तापक्ष से जुड़े हैं। विपक्ष ने दावा किया था कि कोई कार्रवाई नहीं होगी। इसके बाद मंगलवार की दोपहर संभागीय खाद्य विभाग उड़नदस्ता दल मॉल की जांच करने सोहागपुर पहुंचा था।

#### हमारी भी सुनो

जांच उपरांत मीडियाकर्मी अधिकारियों से सवाल कर रहे थे। तब मॉल प्रबंधकों ने कहा कि मीडिया हमारा पक्ष भी सुने। उन्होंने कहा कि दुकानों में पदार्थों को एक्सपायरी डेट निकलते ही एक निश्चित जगह रखा जाता है, ताकि कंपनी को वापस भेजा जा सके। मॉल प्रबंधन के अनुसार संबंधित व्यक्ति द्वारा एक्सपायरी डेट की सामग्री उसी स्थान से उठाई गई थी। मीडिया ने पूछा कि क्या इसके सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध हैं? तब प्रबंधन ने कहा कि यदि प्रशासन जांच करेगा तो सभी साक्ष्य उपलब्ध कराएंगे।

**सैंपल लिए हैं...**

सोहागपुर स्थित मॉल के मेरा बाजार की जांच में अभी कुछ गलत नहीं मिला है। दो खाद्य पदार्थ के सैंपल्स लिए हैं, जिन्हें लैब भेजेंगे। यदि सैंपल गलत पाए जाते हैं, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
**पंकज श्रीवास्तव,** खाद्य सुरक्षा अधिकारी, संभागीय उड़नदस्ता दल, नर्मदापुरम

### नर्मदापुरम में टीबी मुक्त भारत अभियान में घर-घर की जाएगी स्क्रीनिंग

# 100 दिवसीय जन-जागरुकता अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विश्व क्षय दिवस 2026 के अवसर पर नर्मदापुरम जिले में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। जन-जन का रखें ध्यान, टीबी-मुक्त भारत अभियान थीम पर आधारित यह पहल जिले को क्षय रोग (टीबी) से मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

जिला क्षय केंद्र नर्मदापुरम में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से इस अभियान की शुरुआत की गई। यह अभियान राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे कार्यक्रम के अनुरूप जिले में प्रभावी रूप से संचालित किया जाएगा।

#### जनभागीदारी से टीबी उन्मूलन का लक्ष्य

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरसिंह गेहलोत के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य टीबी के प्रति व्यापक जन-जागरूकता फैलाना, समय पर जांच सुनिश्चित करना और निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराना है। साथ ही सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को गति देना भी प्राथमिकता में शामिल है।




#### विशेषज्ञों ने दी महत्वपूर्ण जानकारी

कार्यक्रम में टीबी नोडल अधिकारी डॉ. प्रियंका दुबे एवं डॉ. संजय पुरोहित ने टीबी के लक्षण, बचाव, जांच एवं उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आमजन से अपील की कि लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच कराएं और इलाज में लापरवाही न बरतें।

#### जन-आंदोलन का रूप देगा अभियान

100 दिवसीय इस अभियान को जन-आंदोलन बनाने के उद्देश्य से जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को जागरूक कर टीबी के प्रसार को प्रभावी रूप से रोकने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, एनएचएम एवं रेड क्रॉस सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

#### घर-घर होगी स्क्रीनिंग, संवेदनशील क्षेत्रों पर फोकस

अभियान के तहत जिले के उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों एवं संवेदनशील वर्गों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। संदिग्ध मरीजों की पहचान कर त्वरित जांच व उपचार सुनिश्चित की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### अपने व्यापार को दें डिजिटल पंख

**बैतूल।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया टेडर्स (कैट) मध्यप्रदेश द्वारा वाट्सअप से व्यापार डिजिटज ऑनलाइन सेमीनार 27 मार्च को सायं 4.00 बजे आयोजित किया गया है। इसमें प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री राजीव खण्डेलवाल, प्रदेश संगठन मंत्री राज कुमार गुप्ता प्रिन्स ने बताया कि इस सेमीनार में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता, राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही नई दिल्ली से कैट की ऑपरेशन हैड इस्मिता ओझा डिजिटल व्यापार में हम सब को कैसे आगे बढना है इस पर अपनी बात रखेगी। कैट ने वाट्सअप के सहयोग से यह विशेष सत्र आयोजित किया है जिसके अन्तर्गत आप अपने व्यापार को किस प्रकार तेजी से बढा सकते हैं, यह सिखाया जायेगा। हम वाट्सअप के माध्यम से ग्राहकों तक अपनी पहुंच बढाये, आर्डर कस्टूमर मैनेजमेंट को आसान बनाये अपने व्यापार को डिजिटल प्लेटफार्म पर आगे ले जायें, इस प्रकार की अनेक गतिविधियों को समझाया जायेगा। कैट के पदाधिकारियों ने कहा कि सभी व्यापारी इस ऑनलाइन सेमीनार का फायदा उठाये और अपने व्यापार को नई ऊचाईयों तक पहुंचायें।

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 6414 बालिकाओं का किया टीकाकरण

**बैतूल।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 23 मार्च 2026 तक बैतूल शहरी क्षेत्र में 206 बालिकाओं को टीकाकरण किया गया। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आठनेर में 435 सेहरा में 851, भैंसदेही में 223, भीमपुर 794, चिचोली में 489, घोडाडोगरी में 1043, प्रभात पटटन में 360, आमला में 1055, मुलताई में 542, शाहपुर में 416 इस प्रकार जिले में कुल 6414 बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण किया गया।

### पिछले साल की अपेक्षा इस बार 6078 अधिक किसानों का पंजीयन

# खुले बाजार में गेहूं के दाम कम समर्थन को मिला फायदा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

इस बार जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए 18969 किसानों ने पंजीयन कराया है। पिछले साल यह संख्या 12891 थी, यानि इस बार 6078 अधिक किसानों ने पंजीयन करवाया है। यह आंकड़ा गत वर्ष की तुलना में जरूर अधिक है, लेकिन विगत पांच वर्षो के आंकड़े देखे जाये तो पंजीयन की संख्या में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। बताया गया कि 2021-22 में 44651 किसानों ने पंजीयन करवाया था। यह आंकड़ा 2026-27 में 18969 पर आ गया था। इस बार शुरुआत में किसानों के पंजीयन कम हुए, लेकिन जैसे-जैसे पंजीयन की अंतिम तिथि करीब आई, बड़ी संख्या में किसानों ने समर्थन मूल्य को समर्थन किया। इसके पीछे एक कारण यह भी है कि खुले बाजार (अनाज मंडी) में गेहूं के दाम समर्थन मूल्य से कम है। जिससे किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए ज्यादा रुचि दिखाई। बता दे कि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए 7 फरवरी को पंजीयन शुरू हुए थे। पंजीयन की आखिरी तारीख 7 मार्च थी, लेकिन सरकार ने पंजीयन की तिथि तीन दिन बढ़ाकर 10 मार्च कर दी थी। इस दौरान बड़ी संख्या में किसानों ने पंजीयन कराया। यहीं वजह है कि इस बार गेहूं बेचने के लिए 18,969 किसानों के पंजीयन जिले में हुए है।

#### 2 लाख 66 हजार हेक्टेयर जिले में गेहूं का रकबा

इस साल जिले में करीब 2 लाख 66 हजार हेक्टेयर में किसानों ने गेहूं की फसल की बुआई की है, लेकिन रकबे के अनुपात में पंजीयन नहीं हुए है। पिछले साल यह रकबा करीब 2 लाख 60 हजार हेक्टेयर था। इस बार गेहूं के रकबे में लगभग 6 हजार हेक्टेयर की बढ़ोतरी की गई है। हालांकि इस साल विगत वर्ष की तुलना में अधिक किसानों ने पंजीयन कराया है, जिससे गेहूं खरीदी के लक्ष्य में भी बढ़ोत्तरी की है। जिला आपूर्ति अधिकारी केके टेकाम ने बताया कि बीते वर्ष जिले में 25719 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी हुई थी। इसे देखते हुए इस साल जिले को 30 हजार मेट्रिक टन खरीदी का लक्ष्य मिला है। हालांकि इस लक्ष्य से अधिक गेहूं की खरीदी की संभावना है।

#### खुले बाजार (मंडी) में गेहूं के दाम फिलहाल कम

खुले बाजार (मंडी) में फिलहाल गेहूं के दाम कम है। कृषि उपज मंडी बडोरा से मिली जानकारी के अनुसार गेहूं के न्यूनतम भाव 2010 और उच्चतम भाव 2381 रुपये तक है, जबकि रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,585 प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। जिस पर राज्य सरकार 40 का बोनस दे रही है। इस प्रकार, किसानों को कुल 2,625 प्रति क्विंटल की दर से गेहूं का भुगतान किया जाएगा। जिससे किसानों को समर्थन मूल्य में गेहूं बेचने पर करीब 100 रुपये से लेकर 400 रूपये प्रति क्विंटल का लाभ मिलेगा। इसी वजह से इस बार किसानों ने समर्थन मूल्य को समर्थन करते हुए बड़ी संख्या में पंजीयन कराया है।

**विगत पांच साल में गेहूं के लिए हुए पंजीयन**

| वर्ष | पंजीयन |
|---|---|
| 2021-22 | 44651 |
| 2022-23 | 40636 |
| 2023-24 | 21650 |
| 2024-25 | 20887 |
| 2025-26 | 12891 |
| 2026-27 | 18338 |

#### एक अप्रैल से होगी खरीदी बनाए जाएंगे 64 केन्द्र

जिला आपूर्ति अधिकारी केके टेकाम ने बताया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 1 अप्रैल से शुरू होगी। शासन से जिले में गेहूं खरीदी के लिए 64 केंद्र बनाए जाने की अनुमति दी है। बीते साल जिले में 25719 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी हुई थी। इसे देखते हुए इस साल जिले को 30 हजार मेट्रिक टन खरीदी का लक्ष्य मिला है। हालांकि इस साल अधिक गेहूं की आवक होने की संभावना है। इसलिए जिला स्तर से 60 हजार मेट्रिक टन का लक्ष्य तय किया गया है। गेहूं की खरीदी 1 अप्रैल मार्च से शुरू हो जायेगी। इसके चलते खाद्य विभाग और प्रशासन अभी खरीदी की सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद करने में जुटे हैं।

**व्यवस्था बनाने कार्य किया जा रहा है**

1 अप्रैल से गेहूं की समर्थन मूल्य में खरीदी शुरू होगी। इस साल 18,969 किसानों ने गेहूं बेचने के लिए पंजीयन कराया है। शासन से जिले में 64 खरीदी केंद्र बनाने के लिए अनुमति मिली है। जिसके अनुसार व्यवस्था बनाने का कार्य किया जा रहा है।

**केके टेकाम,**
जिला आपूर्ति अधिकारी, बैतूल

### पानी के लिए मचा हाहाकार

# पंचायत ने नहीं भरा आठ लाख रुपए बिजली बिल विभाग ने काटा कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

जनपद पंचायत आमला की ग्राम पंचायत खाडेपिपरिया में लोगों के सामने प्यास बुझाने की मुसीबत खड़ी हो गई है। ग्रामीण सतीश इवने ने बताया कि बोर में लगी मोटर का उपयोग कर पानी भरकर अपनी प्यास बुझाते थे, लेकिन लगभग 15 दिन पहले बिजली विभाग ने बोर में लगी मोटर के कनेक्शन को काट दिए हैं। जिसके बाद ग्रामीणों ने पंचायत के सरपंच और सचिव से भी कहा, लेकिन उन्होंने कोई ध्यान इस ओर नही दिया। क्षेत्र में जो हैंडपंप है, वे भी अब सुख गए है। जिससे ग्रामीणों के सामने पयेजल संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीण अपने पैसों से टैंकर बुलाकर पानी पी रहे हैं। जिससे ग्रामीणों में पंचायत के प्रति आक्रोश पनप रहा हैं। ग्रमीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत के अधीन हैंडपम्प में भी पानी नही आ रहा है। गर्मी के दिनों की शुरुआत में ही हैंडपंप सूख रहे है और लोगो को पानी नहीं मिल पा रहा है। तापमान अधिक होने से पानी का स्तर नीचे चले जाता है। यदि जल्द ही पानी की समस्या का समाधान नहीं किया तो लोगो को दिक्कतों का सामना करना पडेगा, वही पंचायत इस गंभीर समस्या के निराकरण के लिए तैयार नही दिखाई दे रही हैं।

#### ग्राम पंचायत की लापरवाही पड़ रही भारी

ग्राम पंचायत की लापरवाही आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। लोगो को पीने का पानी के लिए भारी मशक्कत करना पड़ रहा हैं। ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा इस समस्या से निपटने के लिए कोई पुख्ता इंतजाम भी नही किए गये है। इस संबंध में बोरदेही बिजली विभाग के संतोष कुमार चंदेल से जब चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि बिजली का बकाया बिल ग्राम पंचायत के द्वारा जमा नही करने पर ग्राम पंचायत खंडेपिपरिया के कनेक्शन को काटा गया है। इसके पूर्व भी ऐसी पंचायत जिन पर बिल बकाया था उनके भी कनेक्शन काटे थे। जिन्होंने बिल भर दिया है उनके जोड़े गए है, लेकिन खंडेपिपरिया पंचायत को कई बार सूचना देने पर भी बिल की बकाया राशि जमा नही की गई है। इन पर 8 लाख रुपये से भी अधिक का बिल बकाया है।

ग्रामीण सतीष ने कहा कि अगर पंचायत पर बिजली बिल बकाया है तो भीषण गर्मी में ही क्यों बिजली कनेक्शन काटा गया है, जबकि इसके पहले जब गर्मी नहीं लगी थी और पानी भी हैंडपं में पर्याप्त आ जाता था, तब बिजली विभाग को पंचायत पर बकाया बिल दिखाई नही दिया, लेकिन जैसे ही गर्मी ने अपना असर दिखाया और जलस्तर नीचे गिरा, वैसे ही बिजली विभाग ने ग्राम पंचायत के कनेक्शन काट दिए।

**इनका कहना है**

(1) पंचायत ने बिल नहीं भरा है और बिजली विभाग ने कनेक्शन काटे हैं, तो हम दिखाते है कनेक्शन को जुड़वाया जाएगा।

- **शैलेंद्र बडोनिया,** एसडीएम आमला।

(2) बिजली विभाग का 8 लाख रुपये से अधिक का बिल बकाया है, इसलिए कनेक्शन काटे गए है। मार्च एंडिंग के चलते ऊपर से डीएससी बंद है। कल बैंक जाके अप्रूवल व खाते कि ई- केवायसी करवाई है। जनपद सीईओ को लेटर दिया है। जल्द ही लाईन चालू करेंगे।

- **अभिराम धुर्वे,** सरपंच, ग्राम पंचायत खाण्डेपिपरिया।

(3) बिजली का बिल बकाया होने से कनेक्शन काटा है। डीएससी चालू नही है और नलजल वसूली भी नही हुई हैं,जल्द ही लाइन जुड़वाएँगे।

**शिवनारायण साहू,** सचिव, ग्राम पंचायत खाण्डेपिपरिया।

# बाल मंदिर सभाकक्ष में विद्यारंभ प्रमाण पत्र व ग्रेजुएशन सेरेमनी कार्यक्रम आयोजित




**बैतूल।** महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को बाल मंदिर सभाकक्ष में विद्यारंभ प्रमाण पत्र एवं ग्रेजुएशन सेरेमनी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नपा उपाध्यक्ष महेश राठौर उपस्थित थे। महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी गौतम अधिकारी ने बताया कि मध्य प्रदेश में प्रारंभिक शिक्षा को नई पहचान देने की दिशा में राज्य में पहली बार आंगनबाड़ी केंद्रों में शाला पूर्व शिक्षा प्राप्त कर रहे 5 से 6 वर्ष के बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें औपचारिक स्कूली शिक्षा की ओर अग्रसर किया गया। कार्यक्रम में अभिभावक अपने बच्चों के साथ उपस्थित रहे एवं अभिभावक बच्चों को प्रमाण पत्र मिलते देख काफी प्रसन्न हुए। वहीं बच्चे भी कार्यक्रम में काफी उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा कविताएं भी सुनाई गई। लाडली बिटिया ज्ञानवी गुरबाने द्वारा सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है एवं इंकलाब जिंदाबाद जैसे देशभक्ति नारों को कविता के रूप में मनोहर प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर सहायक संचालक विवेक उईके एवं सीडीपीओ बैतूल शहर निरंजन सिंह उपस्थित रहे। इसके अलावा 24 मार्च को बाल चौपाल के अवसर पर जिले की सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में समारोह पूर्वक प्रमाण पत्र वितरण गया।

### विद्या आरंभ कार्यक्रम का हर्ष के साथ आयोजन



**शाहपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में विद्या आरंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत शाहपुर परियोजना के 194 केन्द्रों में विद्या आरंभ कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें आंगनवाड़ी केंद्र शाहपुर 3 में सयुक्त संचालक तृप्ति त्रिपाठी मेडम नर्मदापुरम संभाग, नीतू गुप्ता मंडल अध्यक्ष भाजपा एवं पार्षद, जनपद सदस्य सरस्वती धुर्वे, सीडीपीओ स्नेहा यादव, ब्लाक समन्वयक सुभाष पाटिल कार्यकर्ताएं एवं स्थानीय महिलाएं बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम के तहत प्रारंभिक शिक्षा को नई पहचान देने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल हो रही है। जिसमें 5 से 6 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को विद्या आरंभ प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें आंगनवाड़ी के तहत दी जाने वाली वाली अनौपचारिक शिक्षा से औपचारिक स्कूली शिक्षा की ओर अग्रसर किया जा रहा है। यह पहल केंद्रीय मंत्रालय महिला बाल विकास के निर्देशों के अनुरूप की जा रही है। जिसके अंतर्गत आंगनबाड़ी केदो में 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को विद्या आरंभ प्रमाण पत्र देकर उनके शैक्षणिक जीवन की औपचारिक शिक्षा शुरुआत को मान्यता दी जाएगी।

### भाजपा किसान मोर्चा का सेवा सप्ताह प्रारंभ

# किसानों को मिलेगा कृषि उपज मंडी बडोरा में शीतल पेयजल




**बैतूल।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा किसान मोर्चा ने सेवा सप्ताह का शुभारंभ कृषि उपज मंडी समिति बडोरा में जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे के हस्ते किसानो के लिए प्याउ की व्यवस्था कर किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेश्वर सिंह चंदेल ने कहा कि हमारी मध्यप्रदेश की डा.मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार इस वर्ष को किसानो को समर्पित कर किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है। वहीं किसान मोर्चा किसानो की सेवा के उददेश्य को लेकर सेवा सप्ताह मना रहा है। इसके निमित्त मोर्चा द्वारा सप्ताह भर विभिन्न सेवा कार्य किए जाएगें। जिसमें 25 मार्च को उन्नतशील किसानो का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, 26 मार्च को किसानो के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कृषि उपज मंडी परिसर बडोरा में किया जाएगा, 27 मार्च को सुन्दरकाण्ड का आयोजन किया जाएगा एवं 28 मार्च को वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाकर उससे जुडी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। किसान सेवा सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर किसान मोर्चा के जिले सभी पदाधिकारियों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### जिले में 23 हजार 245 बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र किए प्रदान

**बैतूल।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों में पंजीकृत 5 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को सहज रूप से प्राथमिक शालाओं में स्थानांतरण करना एवं प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को सुदृढ़ बनाना रहा। महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी गौतम अधिकारी ने बताया कि जिले की 12 परियोजनाओं के 90 सेक्टरों एवं 2348 आंगनवाड़ी केंद्रों में आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों की उपस्थिति में बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### कक्षा पांचवीं के छात्रों ने देखे मौसम मापने के आधुनिक यंत्र

# सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल के छात्रों ने किया कृषि अनुसंधान केंद्र का भ्रमण



**बैतूल।** विश्व मौसम विज्ञान दिवस के अवसर पर सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल के छाओं ने कृषि अनुसंधान केंद्र बैतूलबाजार का शैक्षणिक भ्रमण किया, जहां उन्हें कृषि और मौसम विज्ञान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रायोगिक रूप से दी गईं। कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों ने केंद्र में पहुंचकर मौसम और जलवायु को मापने की पूरी प्रक्रिया को करीब से देखा और वैज्ञानिक संजय जैन से सीधे बातचीत कर जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान छात्रों को बताया गया कि मौसम का पता कैसे लगाया जाता है, कौन-कौन से यंत्र उपयोग में लिए जाते हैं और मौसम पूर्वानुमान किस आधार पर तैयार किया जाता है। वैज्ञानिक संजय जैन ने विद्यार्थियों को थर्मामीटर से तापमान मापने की प्रक्रिया, बैरोमीटर से वायुमंडलीय दबाव मापने, हाइग्रोमीटर से आर्द्रता जानने, एनिमोमीटर से हवा की गति मापने, रेन गेज से वर्षा की मात्रा दर्ज करने, पाइरोमीटर से सौर विकिरण मापने और डॉपलर रेडार के माध्यम से मौसम पूर्वानुमान और तूफान की चेतावनी देने की पूरी जानकारी विस्तार से दी।

स्कूल डायरेक्टर दीपाली निलय डागा ने बताया कि इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कृषि और मौसम विज्ञान से जुड़ा प्रैक्टिकल ज्ञान देना था, ताकि बच्चे भविष्य में इन क्षेत्रों में अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित हो सकें। वहीं स्कूल प्राचार्य डॉ. ऋतु बाजपाई ने बताया कि स्कूल की शैक्षणिक गतिविधियों के तहत विश्व मौसम विज्ञान दिवस और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को मौसम और जलवायु के महत्व को समझाया गया, पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया गया, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के बारे में बताया गया।

# जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्परता से करें निराकरण: कलेक्टर

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं



**बैतूल।** बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, बिजली, पानी सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई। इस दौरान कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में भीमपुर निवासी आशुतोष मालवीय ने कृषि भूमि पर अवैध कब्जा के संबंध में शिकायत आवेदन के माध्यम से की। आवेदक की समस्या को ध्यान पूर्वक सुन कलेक्टर ने भीमपुर तहसीलदार को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 120 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षत जैन ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में मुलताई निवासी संतोष बारंगे ने बीपीएल कार्ड बनाए जाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए।

### बजरंग मंदिर का नव पारायण बना सांस्कृतिक विरासत

# 63 साल पुरानी परंपरा, अब नई पीढ़ी के कंधों पर जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरा

चैत्र नवरात्रि में नगर के बजरंग मंदिर में जारी नव पारायण पाठ इस वर्ष केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि पीढियों को जोडने वाली सांस्कृतिक विरासत के रूप में सामने आ रहा है। 1963 में शुरू हुई यह परंपरा 63 वर्षों बाद भी उसी आस्था के साथ जारी है, लेकिन इस बार आयोजन में युवाओं की बढ़ती भागीदारी इसे नया आयाम दे रही है। नवरात्रि के पहले दिन से शुरू हुआ नव पारायण पाठ प्रतिदिन शाम को विधि-विधान के साथ किया जा रहा है,जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। खास बात यह है कि इस बार बुजुर्गों के साथ युवा वर्ग भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है, जिससे परंपरा के निरंतर बने रहने के संकेत मिल रहे हैं। स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार, 1963 में बजरंग मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही नव पारायण पाठ की शुरुआत हुई थी। उस दौर में धार्मिक आयोजन कम होते थे, ऐसे में यह पहल सामाजिक एकजुटता का माध्यम बनी। संस्थापक सदस्यों में स्व. राम किशोर सिरोठिया, स्व. शंकरलाल दुबे, स्व. गोविंद यादव, स्व. रामकरण मालवीय और स्व. कृष्णलाल जुनेजा का अहम योगदान रहा। समय के साथ जिम्मेदारियां बदलती रहीं, लेकिन परंपरा कभी नहीं टूटी। 2010 से दीपक उपाध्याय और संतोष नायक आयोजन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, जबकि पिछले 30 वर्षों से अशोक सिरोठिया व्यास गद्दी पर बैठकर रामचरितमानस का पाठ करा रहे हैं।

#### युवा पीढ़ी की बढ़ती भागीदारी

इस वर्ष आयोजन में युवाओं की सक्रियता साफ दिखाई दे रही है। व्यवस्था से लेकर पाठ में सहभागिता तक, युवा वर्ग आगे आ रहा है। आयोजन समिति का मानना है कि यही भागीदारी इस परंपरा को भविष्य में भी जीवित रखेगी। दीपक उपाध्याय का कहना है कि नव पारायण केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी पहचान है। इसे आगे बढ़ाने के लिए युवाओं को जोडना जरूरी है।

**आस्था के साथ सामाजिक संदेश भी**

यह आयोजन केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक समरसता और सहयोग की मिसाल भी पेश करता है। नगर के लोग स्वेच्छा से सहयोग राशि और खाद्य सामग्री देकर भंडारे में योगदान देते हैं। जगदीश मालवीय के अनुसार, यह आयोजन समाज को जोडने का काम करता है, जहां हर वर्ग के लोग एक साथ आते हैं। वहीं पांडे गुरुजी ने इसे नगर की एकजुटता का प्रतीक बताया। नवरात्रि की दशमी तिथि पर यहां विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें हर साल की तरह हजारों श्रद्धालु शामिल होने की संभावना है। इस बार का आयोजन यह संकेत दे रहा है कि बजरंग मंदिर का नव पारायण पाठ अब केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि भौरा की जीवंत सांस्कृतिक पहचान बन चुका है, जिसे अब नई पीढ़ी आगे बढ़ाने के लिए तैयार दिख रही है।

### शहीद दिवस पर शहीदों को किया नमन



**बैतूल।** भीमराव रामराव अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय बैतूल में 23 मार्च को भगतसिंह, राजगुरू एवं सुखदेव के शहीद दिवस पर याद किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के संचालक इंजी धुव्रप्रकाश अग्रवाल ने भगतसिंह, राजगुरु एवं सुखदेव को नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्राचार्य डॉ.जी.डी. देशमुख सर समस्त स्टाफ एवं बी.एड.स्कालर्स उपस्थित रहें।

**CHANGE OF NAME**

I, **Smt. ASHA DEVI** is legally wedded widow of No. 14581402N SEP (Late) **Raghunath Wawarkar** resident of Ward No.- 17, Post.- Bodkhi, Teh.- Amla, Distt.- Betul (MP) Pin- 460553 have changed my daughter's name from **Kumari DAMINI WAWARKAR** to **DAMINI** vide affidavit dated 24-03-2026 of 1'st Class Magistrate Betul (MP)

## खबर संक्षेप

### निषाद राज जयंती पर निकाली शोभायात्रा



**सोहागपुर।** सोहागपुर कहार-मांझी समाज द्वारा सोमवार शाम निषाद राज की जयंती क्षेत्र में भक्ति भाव के साथ मनाई गई। जयंती अवसर पर कहार मांझी समाज संगठन ने अंबेडकर वार्ड स्थित कहार मांझी समाज भवन से शोभायात्रा निकाली। यह यात्रा शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र से होते हुए पुनः अंबेडकर वार्ड के कहार माझघ समाज भवन पहुंची। शोभायात्रा में सभी सामाजिक बंधु शामिल हुए। शोभायात्रा में निषाद राज की आकर्षक झांकी भी सजाई गई थी।

### यशराज बने राधा कृष्ण मंच के ब्लॉक अध्यक्ष



**सोहागपुर।** माखन नगर में गत दिवस राधा कृष्ण मंच की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष विष्णु पटेल ने पालाखेड़ी ब्लॉक सोहागपुर के यशराज पटेल को राधा कृष्ण मंच का सोहागपुर का युवा ब्लॉक अध्यक्ष घोषित किया है। इनकी नियुक्ति पर रामकुमार वर्मा, शिव कुमार पटेल, ओम प्रकाश पटेल, अनिल पटेल आदि ने हर्ष व्यक्त किया है। सामाजिक नागरिकों सहित संगठन के क्षेत्र के समस्त कार्यकर्ताओं ने यशराज पटेल को नियुक्ति पर बधाई दी है तथा शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

### नवांकुर संस्था ने की ग्रामीणों के साथ संगोष्ठी



**माखननगर।** मप्र जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था बज्जरवाड़ा लोक कल्याण समिति एवं सूर्योदय सामाजिक संस्था द्वारा सेक्टर क्रं. 3 के ग्राम बगलोन में जल गंगा संवर्धन महा अभियान के अंतर्गत ग्रामीणजनों के साथ संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह अभियान नदियों, तालाबों, कुओं और बावड़ियों के जीर्णोद्धार, साफ-सफाई और नए जल ढांचे के निर्माण पर केंद्रित है। इस अवसर पर परामर्शदाता मुकेश यादव, राकेश कीर, हरीश नामदेव, छात्रा मोनिका यादव, नीरज दुबे सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल रहे। अंत में परामर्शदाता मुकेश यादव द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### परियोजना में विद्यारंभ कार्यक्रम आयोजित

**नर्मदापुरम।** जिला कलेक्टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विभाग अंतर्गत परियोजना इटारसी में समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से विद्यारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग के उन बच्चों के लिए आयोजित किया गया, जो आगामी शैक्षणिक सत्र में प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश लेने जा रहे हैं।

समूचे अंचल के लिए सफाई का संदेश : आस्था और स्वच्छता का अनोखा संगम

# मां बिजासन दरबार में कन्या भोज के जरिए डिस्पोजल मुक्त शहर की पहल

इटारसी के मां बिजासन देवी दरबार में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर कन्या भोज के साथ स्वच्छता का अनोखा संदेश दिया जा रहा है। मंदिर समिति द्वारा डिस्पोजल मुक्त आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त शहर की पहल की जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

महर्षि नगर स्थित मां बिजासन देवी दरबार मंदिर प्रांगण में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धा और स्वच्छता का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। मंदिर समिति द्वारा



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नौ दिवसीय कन्या पूजन एवं भोज का आयोजन किया जा रहा है, जो आज पांचवें दिन भी निरंतर जारी है।

#### श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना आयोजन

इस आयोजन की मुख्य विशेषता यह है कि यहां आने वाले किसी भी श्रद्धालु को कन्या पूजन की पूर्ण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। भक्त मंदिर प्रांगण में आकर कन्याओं का पूजन कर रहे हैं, उन्हें उपहार सामग्री भेंट कर रहे हैं और तिलक लगाकर बाल कन्याओं से मंगल आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

#### बर्तन बैंक से प्लास्टिक मुक्ति का संकल्प

मां बिजासन देवी दरबार सेवा समिति ने इस वर्ष पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। यह पूरा आयोजन पूर्णतः डिस्पोजल मुक्त रखा गया है। समिति ने मंदिर प्रांगण को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। इस हेतु समिति अपने स्वयं के बर्तन बैंक का उपयोग कर रही है, ताकि किसी भी स्तर पर कचरा या प्लास्टिक प्रदूषण न फैले।

**समिति का संदेश :** स्वच्छ इटारसी, स्वस्थ इटारसी के परिप्रेक्ष्य में हम आम जन से भी यही अपेक्षा करते हैं कि वे अपने घरों के छोटे-बड़े आयोजनों में डिस्पोजल का मोह त्यागें और पर्यावरण के प्रति अपना अमूल्य योगदान दें। यह नौ दिवसीय आयोजन न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बना हुआ है, बल्कि समाज को डिस्पोजल मुक्त शहर बनाने की दिशा में एक ठोस प्रेरणा भी दे रहा है।

# श्री राम जन्मोत्सव की तैयारियों में जुटे रामभक्त

## निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जन आराध्य प्रभु श्रीराम जन्म उत्सव के लिये क्षेत्र में व्यापक स्तर पर तैयारी जारी है। मुख्य रूप से सोहागपुर नगर में इन दिनों आस्था का सागर हर गली, हर वार्ड और हर मंदिर में देखने को मिल रहा है तथा तैयारियां जारी हैं। श्रीराम जन्मोत्सव समिति से प्राप्त जानकारी अनुसार रामनवमीं उत्सव को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए वार्ड समितियों और आयोजन समिति कार्यकर्ता पूरी सक्रियता के साथ तैयारियों में जुटे हैं।

नगर के सभी वार्डों में साफ-सफाई, रंग-रोगन, आकर्षक सजावट और रोशनी की विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। प्रमुख मंदिरों को सजाया जा रहा है, वहीं नगर के प्रमुख मार्गों पर भव्य स्वागत द्वार तैयार किये जा रहे हैं। रामभक्त विविध स्थानों पर भजन-कीर्तन, रामायण पाठ व धार्मिक आयोजन कर रहे हैं। शहर में वार्ड स्तर पर रामभक्तों के साथ बैठकें भी की जा रही हैं।

#### निकलेगी भव्य शोभायात्रा

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सोहागपुर शहर में रामनवमीं पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें ब्लॉक क्षेत्र से हजारों रामभक्त सम्मिलित होंगे। उल्लेखनीय है कि वर्ष दर वर्ष श्री रामनवमीं की शोभायात्रा की भव्यता बढ़ती जा रही है। इस भव्यता को इस वर्ष ऐतिहासिक बनाने श्रीराम जन्मोत्सव समिति के कार्यकर्ता तथा रामभक्त प्रयासरत हैं। जानकारी अनुसार नगर के वार्डों से अलग-अलग शोभायात्राएं निकाली जाएंगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए एक विशाल स्वरूप धारण करेंगी। शोभायात्रा का शुभारंभ शिव मंदिर से किया जाएगा, जो प्रमुख मार्गों से होते हुए कोर्ट चौराहा पहुंचेगी। यहां भगवान श्रीराम की महाआरती उपरांत प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### जल गंगा संवर्धन अभियान से बदला पुरातन बावड़ी का स्वरूप



**सोहागपुर।** सरकार द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें मंगलवार को शहर स्थित प्राचीन बावड़ी की सफाई की गई। चित्र में नज़र आती बावड़ी की स्थिति, जिसमें सफाई के पहले सीढ़ियों पर तथा पानी में कचरा जमा था।



न प सोहागपुर द्वारा अध्यक्ष लता यशवंत पटेल तथा सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के निर्देश पर बावड़ी की सफाई की गई। बावड़ी वाले मंदिर प्रबंधन ने भी सहयोग किया व कुछ ही देर में बावड़ी काफी साफ तथा स्वच्छ नजर आई।

### जनसुनवाई में 92 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**नर्मदापुरम।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन की अध्यक्षता मे जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सीईओ जैन ने अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई की गई। जनसुनवाई में आए 92 आवेदनों पर सुनवाई कर उनका निराकरण किया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। मंगलवार को जनसुनवाई में आए ग्राम कुकड़ी तहसील इटारसी निवासी फौजदार खान ने अपनी कृषि भूमि का दोबारा सीमांकन कर नक्शा सुधार कराने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया।

### शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को नमन कर अर्पित की श्रद्धांजलि



**पिपरिया।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र के मंगलवारा चौराहा पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत के नेतृत्व में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नपाध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी, पूर्व जिला सतर्कता सदस्य अरविंद राय, मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी, जपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष कुसुम लता, भगवान सिंह पटेल और अन्य समाजसेवी संस्थाओं के सदस्य उपस्थित थे।

### जहरीले पदार्थ के सेवन से महिला की मौत, मर्ग दर्ज

**इटारसी।** समीपस्थ ग्राम बामनगांव में एक महिला की अज्ञात जहरीले पदार्थ का सेवन करने से मौत हो जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बम्मनगांव निवासी भगवती बाई चौरे 55 वर्ष, पति रेवती प्रसाद चौरे ने सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे किसी अज्ञात जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। हालत बिगडऩे पर परिजन उन्हें उपचार हेतु ले गये जहां उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मृतिका के पति रेवती प्रसाद चौरे ने पुलिस को दी गई।

### आंगनबाड़ी केंद्र में विद्यारंभ कार्यक्रम आयोजित हुआ



**पिपरिया।** जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सिलारीमे आंगनबाड़ी केंद्र 1,2,3 का सामुहिक विद्यारंभ कार्यक्रम आयोजित सामूहिक हुआ। जिसमें स्वास्थ्य विभाग सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधियों ने वाद्य अवस्था शिक्षा प्रमाणपत्र वितरण किया गया। 5से 6 वर्ष के बच्चों को प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान सरोज मिश्रा, सरोज साहू, मीना वर्मा, हरलाल सराठे, अर्चना वर्मा, रचना वर्मा, अरूंधति शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वे छोटे छोटे बाल विकास विभाग सहित अन्य सभी ने बच्चों को पढ़ाने पर जोर दिया गया।

## इटारसी में नन्हे बच्चों की ग्रेजुएशन सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी परियोजना के सेक्टर 3, वार्ड क्रमांक 15 में 5–6 वर्ष के बच्चों की सामूहिक "ग्रेजुएशन सेरेमनी" आयोजित की गई। आंगनवाड़ी में पंजीकृत बच्चों को औपचारिक शिक्षा हेतु विद्यालय प्रवेश के लिए प्रमाण पत्र वितरित किए गए। बाल चौपाल अंतर्गत मार्च माह में जन्मे बच्चों का जन्मदिन भी मनाया गया।



प्रधान पाठक महेश कुमार रायकवार ने अभिभावकों को आरटीई के तहत निशुल्क शिक्षा की जानकारी दी। वार्ड पार्षद राहुल प्रधान ने बच्चों को वॉटर बॉटल भेंट की। कार्यक्रम में शिक्षिका व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## सराफा एसोसियन का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

नगर में थाने के सामने काया कल्प डेरिया कॉम्प्लेक्स में सराफा एसोसियन की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक का उद्देश्य, नगर की सराफा एसोसियन को रजिस्टर्ड कराना एवं व्यापार में आ रही परेशानियों से व्यापारियों को कानूनी रूप से सुरक्षित करने, व्यापार में क्या सुधार करना चाहिए इन सब विषयों पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई थी। बैठक का संयोजन _ अमन डेरिया, संजय वर्मा द्वारा किया गया। सर्व सहमति से सराफा एसोसियन के अध्यक्ष पद पर कायाकल्प डेरिया को चुना गया, उपाध्यक्ष दीपक वर्मा, सचिव सौरभ सोनी, सह सचिव रत्नेश सोनी, कोषाध्यक्ष आयुष डेरिया, संरक्षक अशोक सोनी, मिथुन सोनी, सोशल मीडिया प्रभारी के पद पर समर्थ डेरिया को चुना गया। आभार तरुण सोनी के द्वारा किया गया।

## युवा कांग्रेस का अभियान जारी सामने आ रही आम समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

युवा कांग्रेस द्वारा मयूर जायसवाल के नेतृत्व में निरंतर चलाया जा रहा वार्ड वार्ड चलो अभियान मंगलवार को वार्ड क्रमांक 2 में जारी रहा।

इस दौरान युवा कांग्रेस एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा घर घर पहुंच कर नगर पालिका से संबंधित समस्या जानी। शिकायत पत्र भरवाये गए एवं निराकरण करने का जल्द आश्वासन दिया गया। इस दौरान वार्ड में नवनिर्मित सड़क में भ्रष्टाचार भी देखने में आया जो कि बनने के महज दो माह के अंदर उखड़ रही है एवं वार्ड में गंदगी की समस्या बेहद वृद्ध स्तर पर है। कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ताओं द्वारा जनता को यह भरोसा दिलाया कि सभी समस्याओं का हल नपा अधिकारियों से चर्चा कर जल्द ही किया जाएगा।

### विद्यारंभ कार्यक्रम में बच्चों को प्रमाण पत्र वितरण



**माखननगर।** परियोजना अंतर्गत नसीराबाद, बागरा एवं माखन नगर में विद्यारंभ प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत गनेरा, बागरा, मानेगांव और समोन में विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अभिभावकों व शिक्षकों से बच्चों की शिक्षा में सहयोग की अपील की। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सेक्टर सुपरवाइजरों द्वारा किया गया तथा सभी ने इस पहल की सराहना की।

## निषाद जयंती के आयोजन में शामिल हुए डॉ. शर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

प्रभु श्रीराम के प्रिय मित्र निषादराज की जयंती द्वारकाधीश बड़े मंदिर पर मनाई गई। जिसमें क्षेत्र के विधायक डॉ सीतासरन शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने सभी सामाजिक बंधुओ को जयंती की शुभकामना दी और कहा कि मित्रता हो तो राम और निषाद जैसी होना चाहिए। इसके बाद दोपहर भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष के द्वारा न्यास कॉलोनी में भागवत कथा के में स्वामी सुशिलानंद जी महाराज का शाल स्मृति चिन्ह देकर समिति द्वारा स्वागत किया गया। शाम को द्वारकाधीश बड़े मंदिर में 63वें वर्ष में आयोजित श्रीराम कथा में शंकराचार्य स्वामी ओंकारानंद सरस्वती महाराज का भी माझी समाज के द्वारा स्वागत शॉल श्रीफल स्मृति चिन्ह देकर किया गया।

## श्रीरामनवमी पर नर्मदापुरम में भव्य 'आविर्भाव समारोह' का आयोजन 27 को होगा

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भक्तिमय माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में श्रीरामनवमी के पावन पर्व पर श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास, संस्कृति विभाग, मप्र शासन द्वारा कलानुशासनों में श्रीरामचंद्र की महिमा केन्द्रित 'आविर्भाव समारोह' का आयोजन 27 मार्च को सायं 6:30 बजे श्रीराम मंदिर, माच्छा में किया जा रहा है। जिला प्रशासन, नर्मदापुरम के सहयोग से आयोजित यह सांस्कृतिक संध्या श्रद्धा, भक्ति और शास्त्रीय-सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों का अनुपम संगम होगी। समारोह का शुभारंभ हरदा के निमाड़ी लोकगायक राकेश सिंह एवं साथी कलाकारों के गायन से होगा, जिसमें लोकधारा के माधुर्य के साथ प्रभु श्रीराम की महिमा का गुणगान किया जाएगा। इसके उपरांत भोपाल की सुश्री प्रीति तिवारी एवं साथी कलाकार कथक शैली में 'श्रीरामचरितम्' पर आधारित नृत्य-नाटिका के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों, त्याग और धर्मनिष्ठा को सजीव रूप में अभिव्यक्त करेंगी। समारोह की अंतिम प्रस्तुति धार की सुश्री श्वेता गुंजन जोशी के भावपूर्ण भक्ति गायन की होगी, जो अपनी सुरमयी प्रस्तुति से वातावरण को भक्तिमय आलोक से आलोकित कर देगी। यह आयोजन जन-मानस को भारतीय सांस्कृतिक परंपरा, रामकथा और भक्ति रस से अनुप्राणित करने का एक सशक्त माध्यम बनेगा।

श्रीराम कथा का छठवां दिवस, उमड़ रहे श्रद्धालु

## रावण ने किया माता सीता का हरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

संपूर्ण नर्मदांचल की आस्था के प्रमुख केंद्र श्री द्वारकाधीश बड़ा मंदिर परिसर तुलसी चौक में 63वे वर्ष में श्री रामजन्म महोत्सव अंतर्गत श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर परिसर में प्रतिदिन धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। इस वर्ष श्रीमद प्रयागपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ओंकारानंद सरस्वती जी महाराज बाल्मीकि एवं तुलसीदासकृत रामायण पर प्रवचन दे रहे हैं। छठवें दिवस की कथा में व्यासपीठ पर विराजे महाराज श्री ने कथा को विस्तार देते हुए कहा कि वनवास में अपना समय व्यतीत करने निकले श्रीराम को निषादराज ने अपनी नाव में बैठाकर पार कराया। भगवान श्रीराम ने निषादराज को मित्र की उपाधि दी। पंचवटी में लंकापति दुष्ट रावण साधु



की वेशभूषा में माता सीता का हरण कर ले गया, माता सीता को बचाने में जटायु घायल हो गए जिन्होंने श्रीराम की गोद में दम तोड़ा। महाराज श्री ने कहा कि रावण द्वारा सीताहरण करना उसके पतन की पहली सीढ़ी साबित हुआ। अब उसके पापी साम्राज्य को नष्ट होने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। कथा में आगे महाराज श्री ने श्रीराम का माता सीता की खोज में हनुमान जी महाराज एवं महाराज सुग्रीव से मिलन की कथा का मार्मिक चित्रण सुनाया। श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता से वानर सेना अब लंका पर चढ़ाई के लिए निकल चुकी है। आयोजन समिति के प्रवक्ता भूपेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि मुख्य संरक्षक क्षेत्रीय विधायक डॉ सीतासरन शर्मा एवं संरक्षक प्रमोद पगारे पत्रकार के मार्गदर्शन में श्री द्वारकाधीश मंदिर परिसर में श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस शुक्रवार को व्यासपीठ पर विराजे महाराज श्री का स्वागत एवं पूजन समिति के अध्यक्ष नीरज जैन, कार्यकारी अध्यक्ष विपिन चांडक, उपाध्यक्ष विष्णु शंकर पांडे आदि मौजूद रहे।

## किसान कांग्रेस ने सौंपा 5 सूत्री मांगों का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जिला किसान कांग्रेस के तत्वावधान में किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) निलेश शर्मा को सौंपा। जिला अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी के नेतृत्व में सौंपे इस ज्ञापन में कृषि लागत में वृद्धि और प्राकृतिक अनिश्चितताओं के बीच किसानों को राहत देने के लिए पांच प्रमुख मांगें रखी गई हैं।

#### ज्ञापन में उठाई गई मुख्य मांगें

**ऋण जमा करने की तिथि में वृद्धि :** सोसायटी ऋण जमा करने की अंतिम तिथि वर्तमान में 28 मार्च निर्धारित है। किसानों की मांग है कि इसे आगे बढ़ाया जाए ताकि वे बिना अतिरिक्त ब्याज के अपना कर्ज चुका सकें। **गेहूं का उचित दाम :** खेती की बढ़ती लागत को देखते हुए गेहूं की सरकारी खरीदी 4000 रुपये





प्रति क्विंटल की दर से करने की मांग की गई है। **सोयाबीन आयात पर रोक:** विदेशी (अमेरिकी) सोयाबीन आयात पर दी जा रही टैक्स राहत को तत्काल रोकने की मांग की गई है, ताकि स्थानीय किसानों को उनके उत्पाद का सही मूल्य मिल सके और वे आर्थिक नुकसान से बच सकें। **बिजली विभाग की कार्यप्रणाली:** विभाग द्वारा बिना जांच के किसानों पर बिजली चोरी के केस दर्ज करने और ग्रामीण क्षेत्रों में की जा रही अघोषित कटौती पर रोक लगाने की मांग की है। **गैस सिलेंडर आपूर्ति व दाम :** रसोई गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने और बढ़ती कीमतों को कम कर आम जनता व किसानों को राहत देने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान राजकुमार केलु उपाध्याय महासचिव, मप्र कांग्रेस कमेटी, हेमू कश्यप जिलाध्यक्ष, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, नीलम गांधी पूर्व नपा अध्यक्ष, अशोक जैन, रमेश बामने पूर्व मंडी अध्यक्ष, पंकज राठौर, मयूर जायसवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### गौरव सागर महाराज का हरदा में स्वागत



**हरदा।** नव दीक्षित मुनि गौरव सागर महाराज का हरदा में स्वागत किया गया। दिगम्बर जैन समाज के सदस्यों ने डबल फाटक के समीप अजमेरा दाल मिल पर मुनि श्री के चरण पखारे। इसके बाद बाजे-गाजे के साथ उन्हें स्थानीय खेड़ीपुरा स्थित प्राचीन दिगम्बर जैन मंदिर लाया गया। समाज के कोषाध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि मुनि श्री गौरव सागर महाराज को गत माह जैन तीर्थ मुक्तागिरि में जैनेश्वरी दीक्षा प्रदान की गई थी। यह दीक्षा आचार्य श्री समय सागर महाराज द्वारा ब्रह्मचारी भाइयों को दी गई थी। आचार्य श्री के आदेश का पालन करते हुए, मुनि श्री गौरव सागर अब सिद्धोदय सिद्ध क्षेत्र की ओर पद विहार कर रहे हैं। महावीर जयंती के बाद वे मुनि श्री संभव सागर महाराज के संघ में शामिल होंगे। मुनि श्री के पद विहार के दौरान नीलेश अजमेरा, राहुल रपरिया, राजकुमार कठनेरा, हर्षित जैन, गर्वित जैन, पावन रपरिया, प्रदीप अजमेरा, राजीव जैन, राहुल जैन और मनोज पुजारी सहित समाज के कई सदस्य उपस्थित रहे।

### मदिरा के अवैध विक्रय व संग्रहण के विरुद्ध 8 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** आबकारी विभाग के दल ने सोमवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने जिले के पटेल ढाबा भिरंगी, वार्ड क्रमांक 5 खिरकिया, ग्राम खेड़ा, चौकड़ी, धनवाड़ा व बिचपुरी चौकी में दबिश दी। दबिश के दौरान 14 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 10 पाव देशी मदिरा मसाला शाब, 7 बियर केन एवं 370 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत 8 प्रकरण दर्ज किए। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 41910 रूपये है।

### जेल में बंदियों को दिया जा रहा 7 दिवसीय पुरोहित प्रशिक्षण

**सीहोर।** सीहोर स्थित जिला जेल में गायत्री परिवार के सहयोग से बंदियों के लिए 7 दिवसीय पुरोहित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत जेल में बंदियों को धार्मिक कर्मकांड की दीक्षा प्रदान की जा रही है, जो कि बंदी उन्मूलन की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है। जेल अधीक्षक प्रतिभा पटेल ने बताया कि बंदी जेल से रिहा होने के बाद सामाजिक पुनर्स्थापना एवं सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें, यही इस प्रशिक्षण का उद्देश्य है। प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर उप अधीक्षक अक्षय सिंहोक्तके, प्रमुख मुख्य प्रहरी मुकीम खान, प्रहरी अजहर एवं जेल स्टाफ के सदस्य उपस्थित थे।

### विद्युत कंपनी की कार्रवाई पर कांग्रेस ने आंदोलन की चेतावनी दी

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी, सीहोर में बकाया बिजली बिलों की वसूली के लिए सख्त कार्रवाई कर रही है। कंपनी किसानों की संपत्ति कुर्क कर रही है और जिन गांवों में अधिक बकाया है, वहां बिजली आपूर्ति काट रही है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है।

इसी क्रम में ग्राम दुपाड़ाभील और डोडी में बकाया राशि के विरुद्ध अभियान चलाया गया। सहायक यंत्री शरद पाठक बिजौरी और कनिष्ठ यंत्री कुमारी पूजा मुजाल्दा के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान 8 डिफाल्टर उपभोक्ताओं की मोटरसाइकिलें और अन्य वाहन जब्त किए गए। इस अभियान में पुलिस का भी सहयोग लिया जा रहा है। अहमदपुर क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में भी इसी तरह की कार्रवाई की गई। सहायक यंत्री लखन दुबे के मार्गदर्शन में और कनिष्ठ यंत्री दोराहा के सहयोग से 13 मोटरसाइकिलें और 3 मोटर जब्त की गईं। विभाग ने उपभोक्ताओं से समय पर बिलों का भुगतान करने की अपील की है, अन्यथा सख्त कार्रवाई जारी रखने की चेतावनी दी है।

---

### कोतवाली, बुदनी सहित भैरुंदा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चोरी सहित डकैती के मामलों का खुलासा

# नवरात्रि में पुलिस का 'शक्ति' अवतार, तोड़ी अपराधियों की कमर, 73 लाख के माल सहित 14 आरोपी गिरफ्तार

**जिले की पुलिस टीम ने तीन अलग-अलग मामलों में बड़ा खुलासा करते हुए बाप-बेटे सहित 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर जहां पूरा जिला शक्ति की भक्ति में लीन है, वहीं पुलिस ने भी अपराधियों के विरुद्ध शक्ति का अवतार धारण करते हुए अपराधियों की कमर तोड़ दी है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के नेतृत्व में जिले की पुलिस टीम ने तीन अलग-अलग मामलों में बड़ा खुलासा करते हुए बाप-बेटे सहित 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

#### नंदगांव में 65 लाख की बड़ी डकैती का किया पर्दाफाश

भैरूंदा के नंदगांव में हुई चोरी की वारदात ने पुलिस की रातों की नींद उड़ा दी थी। यहां देवी सिंह भाटी के सूने मकान से करीब 65 लाख रुपये के जेवरात पार कर दिए गए थे। पुलिस ने जब जांच शुरू की तो आरोपी शातिर 'पारदी गैंग' निकली। यह गैंग कचरा बीनने के बहाने घरों की रेकी करता था और महिलाएं ताले तोडक़र हाथ साफ करती थीं। एसपी दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में टीम ने न केवल इछावर से बल्कि भाग रहे आरोपियों का पंजाब तक पीछा कर उन्हें दबोचा। पुलिस ने 40 तोला सोना



और 800 ग्राम चांदी बरामद की है। इस बड़ा सफलता हासिल की है।

#### बाप-बेटे समेत 4 आरोपी सलाखों के पीछे

शहर की नेहरू कॉलोनी में हुई 8 लाख की चोरी भी पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई थी। यहां कोतवाली पुलिस ने वैज्ञानिक साक्ष्यों और साइबर सेल की मदद से कड़ियां जोड़ी। हैरान करने वाली बात यह रही कि चोरी की इस वारदात में असलम अंसारी और उसका बेटा शाहिद अंसारी मुख्य रूप से शामिल थे। इनके कब्जे से मशरूका जेवरात और नगदी बरामद कर लिया गया है।

#### फर्जी सिम कार्ड के जरिए जालसाजी का खेल खत्म



बुदनी में साइबर पुलिस ने 'ऑपरेशन फेस' के तहत एक ऐसे गिरोह को पकड़ा जो निर्दोष ग्रामीणों के आधार कार्ड का उपयोग कर फर्जी सिम कार्ड जारी करता था। शेरसिंह और शिवम मीणा के नाम पर 32 फर्जी सिम निकालकर ये जालसाज बड़ी वारदातों की फिराक में थे। पीओएस संचालक जय भाटिया और मनोज कुशवाह को गिरफ्तार कर पुलिस ने डिजिटल अपराध की दुनिया में बड़ी सेंधमारी को नाकाम कर दिया है।

**त्यौहारों के बीच पुलिस की सराहनीय भूमिका :** नवरात्रि के इस समय में जब सुरक्षा व्यवस्था सबसे बड़ी प्राथमिकता होती है, पुलिस की इन उपलब्धियों ने उत्सव की खुशी को दोगुना कर दिया है। इस सफलता में एएसपी सुनीता रावत, सीएसपी डॉ. अभिनंदना शर्मा, एसडीओपी रोशन कुमार जैन और थाना प्रभारियों समेत पूरी टीम साइबर सेल व ग्राउंड टीम की भूमिका सराहनीय रही।

---

## माहेश्वरी समाज ने निकाला गणगौर चल समारोह

**सीहोर।** गणगौर त्यौहार मारवाड़ी पढ़ती से मनाया जाने वाला एक ऐसा त्यौहार है, जिसमें महिलाएं पूर्ण श्रृंगार कर भगवान शंकर एवं मां पार्वती की पूजा अर्चना करती हैं एवं अपने सुहाग की दीर्घायु होने की कामना करती हैं।



गणगौर का त्यौहार पर्यावरण सुरक्षा से संबंधित त्यौहार है, 10 दिन तक चलने वाले त्योहार के अंतिम दिवस माहेश्वरी समाज सीहोर द्वारा माहेश्वरी भवन से बेल गाड़ी पर भगवान ईसर जी एवं मां गोरा जी का चल समारोह निकाला जाकर शहर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ सीवन नदी महिला घाट पर पहुंची एवं महिलाओं द्वारा पूजा अर्चना को एवं रात्रि में माहेश्वरी भवन पर महिलाओं द्वारा झाले दिए गए। माहेश्वरी समाज की प्रमुख समाज जिला अध्यक्ष गीता सोडाणी, प्रदेश पदाधिकारी सत्यभामा मंत्री, प्रतिभा झंवर, सरोज झावर, रजनी बाहेती, शोभा चांडक, आभा मंत्री,आभा कास्ट, ज्योति झांवर, लीला कुइयां माहेश्वरी समाज की महिला मंडल अध्यक्ष संगीता राठी, सचिव अनिता बांगड़ आदि उपस्थित थीं।

## सरसों के लिए अब 1 अप्रैल से प्रारंभ होगी भावांतर योजना

**सीहोर।** मध्यप्रदेश शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने रबी 2025-26 में सरसों फसल के लिए भावांतर योजना के अंतर्गत पंजीकृत कृषकों के सत्यापन को लेकर निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार, कई जिलों में अपेक्षा से अधिक किसानों का पंजीयन पाया गया है।

ऐसे में यह सुनिश्चित करने के लिए कि केवल पात्र किसानों को ही योजना का लाभ मिले, सभी जिलों में पंजीकृत किसानों का गहन और सावधानीपूर्वक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही योजना का क्रियान्वयन शुरू किया जाएगा। इसी के चलते योजना प्रारंभ की पूर्व निर्धारित तिथि 23 मार्च 2026 को संशोधित कर अब 01 अप्रैल 2026 कर दिया गया है। इसके साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि डिजिटल क्रॉप सर्वे सहित अन्य माध्यमों से सभी पंजीकृत किसानों का सत्यापन 31 मार्च 2026 तक हर हाल में पूरा किया जाए और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

## अंबेडकर उपवन में तीन बार की गई तोड़फोड़, अब तक नहीं हुई कार्रवाई

**सीहोर।** बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर उपवन में असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ कर अपमान करने वाले आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी को लेकर बहुजन समाज के लोगों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है। बीएसपी जिला अध्यक्ष संजीव बौद्ध ने ज्ञापन के माध्यम से आपको अवगत कराना चाहते हैं कि सीहोर में कलेक्टर कार्यालय रोड पर बाबा साहेब अंबेडकर उपवन बना हुआ है। वहां लगे हुए बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र को पिछले 4 माह में तीन बार तोड़फोड़ असामाजिक तत्वों द्वारा की गई। पिछली बार 26 जनवरी के मौके पर तोड़फोड़ की गई थी। तब नगर पालिका परिषद सीहोर द्वारा चित्र बदला गया। सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए। इसके बाद 3 मार्च को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा फिर से बाबा साहब की चित्र से छेड़खानी कर तोड़फोड़ कर अपमान किया गया। जिसकी शिकायत बहुजन समाज पार्टी कार्यकर्ता व सहयोगी संगठनों ने थाना कोतवाली में कर प्रशासन को सूचना दी गई थी। थाना कोतवाली में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज भी की गई, लेकिन जब कैमरा निकल गया तो नपा के कर्मचारियों ने पुलिस को लगभग तीन-चार घंटे बाद सौंपा।

## गणगौर विसर्जन चल समारोह में शिक्षक की नाक में लगा कंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

कस्बा शिवना में गणगौर विसर्जन चल समारोह में एक शिक्षक की नाक में कंचा (गोटी) लगने से तनाव के बाद वहां पुलिस बल तैनात है। वहां दिन भर शांति बनी रही और शाम तक बाजार में चहल-पहल शुरू हो गई है।

इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसे एसडीएम भीकनगांव फरहान अख्तर ने खरगोन जेल भेज दिया। घटनानुसार सोमवार शाम 7 बजे चल समारोह जब मुख्य चौराहे से गोराडिया मार्ग की ओर मुड़ा तो पीछे चल रहे खोई के शिक्षक जितेन्द्रसिंह-भगवानसिंह गौड़ की नाक पर कांच का कंचा लगा,जिससे नाक से खून निकलने लगा। साथ ही अन्य लोगों और महिलाओं एवं रथ में भी गोटियां लगी थी। इस घटना को लेकर गांव के पटेल कृष्णपालसिंह सोलंकी ने उन्हें बताया की कलीम पिटा युसूफ कुरैशी ने उन्हें फोन कर बताया कि मेरे छत से किसी ने गोटियां फेंकी है और मैं उसके लिए क्षमा चाहता हूं। इस घटना की रात्री में ही थाना झिरन्या में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इस घटना के बाद वर्ग विशेष के लोगों द्वारा दुकानें नहीं खोली गई और अन्य अधिकांश दुकानें खुली थी। फिर भी आमजन आम दिनों की तरह खरीदारी के लिए घरों से बाहर नहीं निकले और इक्का-दुक्का लोग ही बाजार में दिखाई दिए। लेकिन शाम होते-होते बाजार में चहल-पहल दिखाई दे रही रही थी। इस दौरान कस्बे में प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है और शांति बनी हुई है। जांच अधिकारी अमित पवार ने बताया कि इस मामले में धारा 125 ए,115 बीएनएस में अज्ञात के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। थाना प्रभारी सेमलिया गहलोद ने बताया कि शांति-व्यवस्था के मद्देनजर कलीम पिता युसूफ कुरेशी को गिरफ्तार कर एसडीएम भीकनगांव के समक्ष पेश किया गया और उन्होंने उसे खरगोन सब जेल भेज दिया है।

## 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

विश्व क्षय दिवस पर 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया गया। विश्व क्षय दिवस के अवसर पर मंगलवार को जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उपस्थित जनों को जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिये शपथ दिलाई गई। जिला क्षय अधिकारी डॉ. मृत्युंजय सिंह गहलोत ने बताया कि इस अवसर पर सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर टीबी स्क्रीनिंग कर विश्व क्षय दिवस मनाने के निर्देश दिये गये।

### दूसरे दिन विशेषज्ञों ने सिखाए सीपीआर और राहत कार्य के गुर

## भूकंप की तैयारी व क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

भूकम्प पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम के तहत जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के नेतृत्व में भूकम्प आपदा जोखिम प्रबन्धन एवं ध्वस्त संरचना, खोज एवं बचाव का 5 दिवसीय प्रशिक्षण 23 से 27 मार्च तक शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित किया जा रहा है।



इस प्रशिक्षण में जिले के महाविद्यालय के प्रोफेसर, प्राचार्य, विद्यालय के प्रतिनिधि, ग्रामीण एवं शहरी निकाय के अधिकारी, राष्ट्रीय कैडिट कौर होमगार्ड, एसडीईआरएफ, सिविल डिफेन्स वालेन्टियर एवं स्वयंसेवी संगठन के प्रतिनिधि सम्मिलित हुये। संयुक्त कलेक्टर सतीश राय के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र मे भूकंप की भारत एवं म.प्र. मे स्थिति, भूकंप रजियिलेंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के बारे मे प्लाटून कमाण्डर होमगार्ड हरदा जे.एल. कोठारी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्लाटून कमाण्डर जबलपुर संदीप चौधरी ने भूकंप से बचाव की तैयारी, भूकंप के दौरान डूज व डोंटस की जानकारी के बारे मे बताया। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस के द्वितीय सत्र में प्लाटून कमाण्डर होमगार्ड हरदा कोठारी ने सीएसएसआर खोज एवं बाहरी कौशल आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005, एनडीएमए, एसडीएमए एवं डीडीएमए फॉर्मेशन के संबंध में जानकारी दी। प्लाटून कमाण्डर जबलपुर चौधरी ने स्ट्रक्चर, ट्रान्सपोर्टेशन ऑफ विक्टिम, विक्टिम केयरिंग एण्ड हेण्डलिंग टेक्निक के बारे में बताया। जिला चिकित्सालय हरदा के डॉ. नवीन जैन ने प्रशिक्षण में प्रथमोचार तथा सीपीआर के विषय पर व्याख्यान दिया गया। प्रशिक्षण मे प्लाटून कमाण्डर होमगार्ड जे.एल. कोठारी, हवलदार स्टोरमेन दीपक ठाकुर, आरक्षक कैलाश तोमर एवं होमगार्ड व एसडीईआरएफ के जवान तथा संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल, टिमरनी एसडीएम संजीव नागू सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में ग्राम दुलिया निवासी तुलसीराम ने कलेक्टर को आवेदन देकर प्रधानमंत्री कृषक सम्मान निधि की राशि प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होने अधीक्षक भू-अभिलेख को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम बिछौला रैयत निवासी किसान रघुवीर सिंह राजपूत व ग्राम कचबेड़ी निवासी बलराम ने ओला वृष्टि की राहत राशि व फसल बीमा राशि प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर तहसीलदार हंडिया को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

ग्राम पीड़गांव निवासी अनोखीलाल व हरदा निवासी जमीला खान ने वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिलने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग को आवेदक की पात्रता अनुसार वृद्धावस्था पेंशन चालू कराने के निर्देश दिये। हरदा निवासी हेमराज ने ग्राम खिड़कीवाला में अपनी कृषि से गुजरने वाली विद्युत लाइन के तार नीचे झूलने के संबंध में शिकायत की, जिस पर महाप्रबंधक विद्युत वितरण कंपनी को समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए।

### बच्चों को वितरित किए विद्यारंभ प्रमाण-पत्र

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में आयोजित हुआ विद्यारंभ समारोह



**हरदा।** 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा में सहज रूप से स्थानांतरित करने एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को विद्यारंभ समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरदा जिले के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में यह समारोह उत्साहपूर्वक एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके शैक्षणिक जीवन की औपचारिक शुरुआत की गई। साथ ही बच्चों के लिए विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे उनमें विद्यालय के प्रति रुचि एवं आत्मविश्वास का विकास हो सके। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी रही।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया तथा अभिभावकों को प्रारंभिक शिक्षा के महत्व के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम की सतत मॉनिटरिंग जिला कार्यक्रम अधिकारी राजा रंगारे द्वारा की गई, जिससे सभी केन्द्रों पर कार्यक्रम का सफल एवं व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित हुआ।